उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, 9151024463
Website:www.upsmfac.org Email-upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–2516/25 दिनांक 12.03.25

ई–मेल माध्यम

सेवा में,

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य,
समस्त आवेदित नर्सिंग/पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्र (निजी क्षेत्र)
(ए0एन0एम0 पाठ्यक्रम को छोड़कर)
उत्तर प्रदेश।

विषय–स्थलीय निरीक्षण कराये जाने के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में आपको अवगत कराना है कि कार्यालय पत्र–1856/25 दिनॉक 14.02.2025 एवं पत्र संख्या–1855/25 दिनॉक 14.02.2025 के क्रम में आप द्वारा नर्सिंग/पैरामेडिकल पाठ्यक्रम के लिए किये गये ऑनलाईन आवेदन की एन0ओ0सी0 हेतु आपकी संस्था का स्थलीय निरीक्षण **दिनॉक 24.03.2025 से 30.04.2025** के मध्य किसी भी कार्य दिवस (रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोडकर) इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, नई दिल्ली/उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी के द्वारा निर्धारित मानकों पर क्यू0सी0आई0 (Quality Council of India) के माध्यम से कराया जायेगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन के समय पोर्टल पर आवेदित पाठ्यक्रम से संबंधित आप द्वारा अपलोड किये गये समस्त अभिलेखों को पूर्व से ही तैयार कराकर रखे एवं निरीक्षण के समय निरीक्षण दल को मूल रूप से अवलोकित कराने का कष्ट करें।

यदि आप द्वारा निरीक्षण प्रक्रिया में निरीक्षकों को सहयोग नहीं दिया जाता है तो आपके प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण निरस्त करते हुये संस्थान के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी एवं इसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा। अतः आपसे अनुरोध है कि निरीक्षण दल को पूर्ण सहयोग देते हुये आवेदित पाठ्यक्रमों हेतु निरीक्षण प्रक्रिया को सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

आप द्वारा किये गये आवेदन के संबंध में नवीनतम जानकारी हेतु जिस पोर्टल पर आप द्वारा आवेदन किया गया है उसका अवलोकन करते रहें।

भवदीय,

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।

पत्र संख्या– दिनॉक –

प्रतिलिपि–महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।

सचिव,
उ0प्र0 स्टेट मेडिकल फैकल्टी।